हर स्कूल और कोचिंग के ईर्द-गिर्द लगें CCTV कैमरे

बाल दिवस की पूर्व संध्या पर दैनिक भास्कर ऑफिस में स्टूडेंट्स ने गैंगरेप समेत अन्य मुद्दो पर खुलकर बात रखी

सिटी भास्कर में खबरों की प्लानिंग और लेआउट डिजाइन पर डिस्कशन करते स्टूडेंट्स।

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

बाल दिवस की पूर्व संध्या पर सिटी भास्कर ने शहर के कई स्कूलों के स्टूडेंट्स को दैनिक भास्कर ऑफिस में डिस्कशन के लिए आमंत्रित किया। हाल ही में पीएससी की तैयारी कर रही छात्रा के साथ गैंगरेप की वारदात पर इन बच्चों ने अपने सुझाव रखे और प्रशासन से कुछ ऐसे समाधानों की मांग की जिसे रोजमर्रा की जिंदगी में अपनाने से विद्यार्थी अपने आप को शहर में सुरक्षित महसूस कर सके।

ये सुझाव दिए स्टूडेंट्स ने

- हर स्कूल और कोचिंग के ईर्द-गिर्द CCTV कैमरे की सुविधा हो।
- ऐसी जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम वाली घड़ी लड़कियों को दी जाए जिससे उनकी लोकेशन पता चल सके।
- शहर में लड़कियों और लड़कों दोनों के लिए काउंसलिंग का प्रावधान होना चाहिए।
- ऐसा एप डेवलप हो, जिससे थाने में जाए बगैर अपनी शिकायत या रिपोर्ट की जा सके।
- ट्रैफिक रूल्स तोड़ने पर कड़ी सजा मिलनी चाहिए। चालक का लाइसेंस 6 हफ्ते के लिए जप्त होना चाहिए।

सोमवार को शहर के चार स्कूलों के आठ स्टूडेंट्स सुबह से शाम तक दैनिक भास्कर ऑफिस में थे। सिटी भास्कर की खबरों की प्लानिंग से लेकर सिलेक्शन तक में उनका सहयोग रहा। द संस्कार वैली स्कूल के 12वीं के अर्पण कपूर, देवक नामधारी, कैंपियन स्कूल के 11वीं के दिव्यांश राय, सरगुन सिंह नरुला, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल की 12वीं की रासमणी रघुवंशी, 11वीं की दिव्या जैन और बिलाबॉन्ग स्कूल के 11वीं की प्रियल गुप्ता और अर्पित शर्मा ने किया है।